# **प्रेस नोट जनपद खीरी**

**दिनाँक 24.02.21**

**पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयीः-**

## **30 घण्टे के अन्दर लापता चारों छात्राएं सकुशल बरामद**

दिनांक 22.02.21 को थाना कोतवाली सदर में चार छात्राओं के घर से स्कूल जाने के लिए निकलना और स्कूल न जाकर लापता हो जाने के संबंध में मु0अ0सं0 170/21 धारा 363 भादवि0 पंजीकृत किया गया था।

छात्राओं की सकुशल बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा तत्काल अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के नेतृत्व में 6 टीमों का गठन किया गया जिसमें अलग-अलग टीमों के प्रभारी के रूप में क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर, चौकी प्रभारी मिश्राना, चौकी प्रभारी जेल गेट, उ0नि0 अरविन्द शुक्ला, स्वाट टीम से उ0नि0 अनिल कुमार सिंह व उ0नि0 शिवकुमार, सर्विलांस प्रभारी का0 शराफत, जिनके द्वारा सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन, मोबाइल फोन सर्विलांस और लाभप्रद सूचना संकलन (Human intelligence) के द्वारा सार्थक प्रयास करते हुए सभी छात्राओं को उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जनपद के मुनि की रेती थाना क्षेत्र से आज दिनांक 24.02.2021 को सकुशल बरामद कर लिया गया।

इस कार्य में उत्तराखंड पुलिस द्वारा भरपूर सहयोग दिया गया जिसके लिए पुलिस अधीक्षक, टिहरी गढ़वाल और उनकी टीम का पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा आभार प्रकट किया गया है। जनपद खीरी की पुलिस टीम टिहरी गढ़वाल से शीघ्र ही सभी छात्राओं को लेकर वापस जनपद लौटेगी।

पुलिस अधीक्षक, खीरी द्वारा उपरोक्त टीमों को इस उत्कृष्ट कार्य हेतु 25,000/- रू0 नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

**थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान अवैध शस्त्र कारतूस व चाकू सहित 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया**




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 24.02.21 को चेकिंग के दौरान थाना मैगलगज पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल सवार 02 अभियुक्तों नीरज कश्यप पुत्र छोटेलाल कश्यप निवासी कस्बा व थाना मैगलगंज खीरी व प्रेम पुत्र पुत्तू तेली निवासी नैका खेड़ा थाना पिसावा जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस तथा 01 अदद अवैध चाकू बरामद किया गया। साथ ही मोटरसाइकिल के कागजात नहीं पाए जाने पर एमवी एक्ट के अंतर्गत सीज किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना मैगलगंज पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करके अभियुक्तों को मा0 न्यायालय भेजा गया।

**थाना मितौली पुलिस द्वारा 01 नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया**




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 24.02.2021 को मितौली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 57/21 धारा 60 आबकारी अधि0 व 272 भादवि में वांछित अभियुक्त अनूप पुत्र संतराम निवासी कस्बा व थाना मितौली खीरी को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

**थाना खीरी पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया**







पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 24.02.21 को थाना खीरी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 70/21 धारा 354क भादवि व 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त जमशेद खां पुत्र इरफाक खां निवासी मोहम्मदाबाद थाना व जिला खीरी तथा मु0अ0सं0 1039/20 धारा 419/420/467/468/471 भादवि में वांछित अभियुक्त रफीक पुत्र हमीदुल्लाह निवासी मोहल्ला कटरा थाना व जिला खीरी को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

## थाना तिकुनिया पुलिस द्वारा 01 नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 24.02.21 को थाना तिकुनिया पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 11/21 धारा 379 भादवि में वांछित अभियुक्त मंगत सिंह उर्फ गंगू पुत्र बलवंत सिंह नि0 टाटरगंज थाना हजारा जनपद पीलीभीत को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

## <u>थाना मैलानी पुलिस द्वारा दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया</u>




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 24.02.21 को थाना मैलानी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 65/21 धारा 376/452/506 भादवि व 3/4 पाॅक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त राजेश कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद नि0 खैरताली ग्रन्ट नं0 11 थाना मैलानी खीरी को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

## **थाना फूलबेहड पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र कारतूस बरामद कर अभियुक्त जोगेन्दर को गिरफ्तार किया गया**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन में संपूर्ण जनपद में अवैध शस्त्र के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरूद्ध अभियान के अंतर्गत दिनांक 23.02.21 को थाना फूलबेहड पुलिस द्वारा अभियुक्त जोगेन्दर पुत्र रामदास निवासी सैदीपुर थाना फूलबेहड जनपद खीरी को 01 अदद अवैध देशी तमंचा 12 बोर, 01 अदद कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है।

## **वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन मे व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान जनपद के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए निम्नलिखित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया-

- थाना मितौली पुलिस द्वारा अ0सं0 14/16 धारा 302/3(2)v एससीएसटी एक्ट में वारंटी अभियुक्त उत्तम पुत्र रामभरोसे नि0 डहर थाना मितौली खीरी को गिरफ्तार किया गया।
- थाना फरधान पुलिस द्वारा अ0सं0 2229/11 धारा 354 भादवि0 में वारंटी अभियुक्त सुधीर पुत्र सन्तकुमार भुल्लर नि0 नयागांव थाना फरधान जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।

# **<u>अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही</u>**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं बिक्री के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **<u>55 लीटर अवैध कच्ची शराब, 02 अवैध शराब भट्टी बरामद कर 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार</u>** किया गया है। विवरण निम्नवत हैः-

| क्र0 सं0 | थाना | बरामदगी | गिरफ्तार अभियुक्तों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | थाना खीरी | 20 लीटर | 01 अभियुक्त गिरफ्तार |
| 2. | थाना धौरहरा | 15 लीटर | 01 अभियुक्त गिरफ्तार |
| 3. | थाना मैलानी | 10 लीटर | 01 अभियुक्त गिरफ्तार |
| 4. | थाना निघासन | 10 लीटर | 01 अभियुक्त गिरफ्तार |
| | कुल योग | 55 लीटर | 04 अभियुक्त गिरफ्तार |